दवा उद्योग का महाकुंभ फार्मा मेक इंडिया एक्सपो कल से

माई सिटी रिपोर्टर

इंडिया एक्सपो मार्ट में 26 से 28 नवंबर तक होगा आयोजन

ग्रेटर नोएडा। इन्फॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया द्वारा 26 नवंबर से दवा उद्योग का महाकुंभ सीपीएचआई और पी-मेक इंडिया एक्सपो का 17वां संस्करण इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित किया जाएगा। 26 से 28 नवंबर तक चलने वाले इस आयोजन में दवा उद्योग से जुड़े 2 हजार प्रदर्शक शामिल होंगे। देश विदेश के 50 हजार से अधिक आगंतुक आएंगे। आयोजन का मकसद वन-स्टॉप गंतव्य के रूप में फार्मास्युटिकल उद्योग में आधुनिकीकरण और नवाचार को प्रदर्शित करना है।

भारत का फार्मा उद्योग एक प्रभावशाली विकास पथ पर है। सीपीएचआई और पी-मेक इंडिया में फार्मास्युटिकल मशीनरी, प्रौद्योगिकी और सामग्री में प्रगति को प्रदर्शित किया जाएगा। एक्सपो में 10 हजार से अधिक उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। आयोजन में संयुक्त राज्य अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया, जापान, इजिप्त, वियतनाम, फिलीपींस, मलेशिया, इटली, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, ईरान और यूके सहित कई देश भागीदारी कर रहे हैं। एक्सपो में देश विदेश की दिग्गज कंपनियां आ रही हैं जो दवाओं के आधुनिकतम फॉर्म्यूलेशन को प्रदर्शित करेंगी।

उच्च गुणवत्ता वाली सस्ती दवाइयां देने में भारत ने हासिल की प्रतिष्ठा : इन्फॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया के प्रबंध निदेशक योगेश मुद्रास कहते हैं कि भारत का दवा उद्योग, जो वर्तमान में उत्पादन मात्रा के हिसाब से विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है। पिछले नौ वर्षों में 9.43 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के साथ एक संपन्न क्षेत्र के रूप में विकसित हुआ है। उच्च गुणवत्ता वाली सस्ती दवाइयां देने के लिए जाने जाने वाले भारत ने दुनिया की फार्मेसी के रूप में अपनी प्रतिष्ठा अर्जित की है।